दिनांक 18.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ प्रभारी शिक्षा अधिकारी नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक 18.01.18 राष्ट्रीय शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान (छ.ग.)इकाई लोक शिक्षण संचालनालय,छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा राज्य शिक्षक पुरस्कार 2018 के लिये प्रस्ताव आंमत्रित किये गये है। नगर निगम भिलाई में इस संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2018 है समस्त संस्था प्रमुख व प्राचार्य अपने अधिनस्त कार्यरत सहायक शिक्षक,शिक्षक,प्रधान अध्यापक और व्याख्याता एवं नियमित कक्षा अध्यापन कर रहे प्राचार्य इस पुरस्कार हेतु पात्र है, पात्रता की अन्य शर्ते 31 दिसम्बर 2017 को शिक्षक संवर्ग हेतु 15 वर्ष का शिक्षण अनुभव तथा प्राचार्यो हेतु 20 वर्ष का अनुभव आवश्यक है, शिक्षाकर्मी संवर्ग हेतु 12 वर्ष का शिक्षण अनुभव मान्य है।

पुरस्कार के प्रस्तावित शिक्षको को चरित्रवान नियमित कक्षा अध्यापन करने वाले एवं निष्कलंक होना अनिवार्य है, इनके प्रस्ताव के साथ 02 रंगीन पासपोर्ट फोटो तथा 2013 से 2017 तक 05 वर्षो की गोपनीय चरित्रावली एवं चरित्र प्रमाण पत्र अनिवार्य रुप से भेजा जाना आवश्यक है।इस संबंध में आवेदन का प्रारुप अथवा किसी भी प्रकार का आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु शिक्षा विभाग नगर पालिक निगम भिलाई से कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

जनसंपर्क विभाग